

पापा, क्या मैं एक हाथी रख सकता हूँ?


जैक वोल्फ़
चित्र: मैरिलिन हाफनर
हिंदी: नित्या बंसल गर्ग



पापा, क्या मैं एक हाथी रख सकता हूँ?



जैक वोल्फ़
चित्र: मैरिलिन हाफनर
हिंदी: नित्या बंसल गर्ग



जेरी के लिए

- J.W

सूज़न और उनके दोस्तों के लिए

- M.H



"पापा ",टोनी ने कहा. "मुझे एक पालतू पशु चाहिए।"
"तुम जरूर एक जानवर पाल सकते हो?" उसके पापा ने कहा।
"हाँ," टोनी ने कहा।





"किस तरह का?" उसके पापा ने कहा।
"क्या मैं एक हाथी पाल सकता हूँ?"
टोनी ने कहा।

"एक हाथी?" उसके पापा ने कहा।

"तुम उसको कहाँ रखोगे?"

"यहीं अपने अपार्टमेंट में," टोनी ने कहा।

"तुम उसको खाना कैसे खिलाओगे?


वो पानी कहाँ पियेगा ?"

"वो बाथटब से पानी पी सकता है,"

टोनी ने कहा।

"हम उसको चीनी खाने के लिए बाहर भेज सकते हैं।"







"क्या होगा अगर उसको अकेलापन लगा?" उसके पापा ने कहा।
"हाथी एक झुंड मैं रहते हैं। "



"हम उसके साथ के लिए एक और हाथी ले आयेंगे।" टोनी ने कहा।



"हम हाथियों को यहाँ ऊपर तीसरी मंजिल पर कैसे पहुंचा पायेंगे?"उसके पापा ने कहा।
"पिआनो की तरह," टोनी ने कहा।
"उनको रस्सियों से ऊपर खींच लेंगे।"



"मुझे नहीं लगता हाथियों के लिए खिड़की का
रास्ता उपयुक्त होगा," उसके पापा ने कहा।
"हम कोशिश तो कर सकते हैं," टोनी ने कहा।
"अगर वो खिड़की में फँस गए तो?" उसके पापा ने कहा।
"लोग हमारे बारे में बातें करेंगे।"
"वे सब क्या कहेंगे ?"टोनी ने कहा।
"वे सब कहेंगे हम वो परिवार है जिसकी
खिड़की के बाहर हाथी फँसे हुए हैं।"



"ठीक है ,फिर एक घोड़ा कैसा रहेगा?"
टोनी ने कहा।
"एक घोड़ा तो सीढ़ियों से ऊपर चल सकता है।"
"तुम उसके साथ क्या करोगे?"
उसके पापा ने कहा।
"मैं सारे अपार्टमेंट में सरपट दौड़ूंगा और
फर्नीचर के ऊपर से कूदूँगा," टोनी ने कहा।
"इससे उसके खुरों के निशान बन जायेंगे।"
उसके पापा ने कहा।







"मैं एक अज़गर रखना चाहूंगा। "
टोनी ने कहा। "बीस फ़ीट लंबा!"
"तुम उसको कहाँ रखोगे?" उसके पापा ने कहा।
"उसका कुछ भाग सोफे पर," टोनी ने कहा।
"और बाकी भाग कुर्सियों पर।"



"तो फिर हम कहाँ बैठेंगे?" उसके पापा ने कहा।

. "ऊनी भेड़ का एक झुंड अच्छा रहेगा,फिर तो," टोनी ने कहा।

"वो हमको रात को गरम भी रखेंगी।"





"भेड़ बा.... बा..... करेंगी जब तुम सोने की कोशिश करोगे।"

उसके पापा ने कहा।

"नहीं, अगर वे भी नींद में होंगी तो," टोनी ने कहा। "हम उनको एक सुनिश्चित सोने का समय दे सकते हैं। "

"यदि वो जल्दी सोकर उठ गयीं, तो क्या?"

उसके पापा ने कहा।

"गोरिल्ला मज़ेदार रहेगा। "टोनी ने कहा।

"वो तो खिड़की से बाहर भी जा सकते हैं ,

और इमारतों के सहारे ऊपर और नीचे भी चढ़ उतर सकते हैं। "

"क्या करोगे, अगर उसने किसी दूसरे की खिड़की पर चढ़ने का निर्णय लिया?" उसके पापा ने कहा।







"एक तोता एक अच्छा पालतू पक्षी होगा ,"टोनी ने कहा।
"कोई तो होगा बातें करने के लिए।"
"तोते बहुत ही कर्कश आवाज में बोलते हैं," उसके पापा ने कहा।

"एक शान्त चिड़िया कैसी रहेगी?" टोनी ने कहा।
"मैं चाहूंगा एक फ्लेमिंगो और शायद एक हवासील।"
"फ्लेमिंगो और हवासील को समुद्रतट पसंद होते हैं,"
उसके पापा ने कहा।



"हम अपने कमरे में रेत रख सकते हैं ,
और एक खजूर का पेड़ ," टोनी ने कहा।
"फ़्लेमिंगो और हवासील को गर्माहट की
जरुरत होती है," उसके पापा ने कहा।



"हम सारी खिड़कियों को बंद कर सकते हैं,
और गर्मी बढ़ा सकते हैं," टोनी ने कहा।
"बहुत महंगा," उसके पापा ने कहा।

"मुझे पता है। "टोनी ने कहा।
"क्या?" उसके पापा ने कहा।
"हम लिविंग रूम को पानी से भर सकते हैं।"
"और उसके बाद क्या?" उसके पापा ने कहा।
"हम एक डॉल्फिन ला सकते हैं ," टोनी ने कहा ,
"और एक व्हेल का बच्चा।"
"दोनों ?" उसके पापा ने कहा।







"सारे बच्चे स्कूल से आकर यहाँ आ सकते हैं और डॉल्फिन और बेबी व्हेल के साथ तैराकी कर सकते हैं ," टोनी ने कहा।


"उसके बाद वे सब रेट पर खजूर के पेड़ के नीचे बैठ सकते हैं और पिकनिक कर सकते हैं।"

उसके पापा ने कुछ भी नहीं कहा।

"मैं बहुत से सैंडविच बनाऊंगा," टोनी ने कहा।

"उसके बाद सारी सफाई भी करूँगा। "

टोनी और उसके पापा कुछ देर के लिए चुपचाप थे।
"शायद हमको कोई छोटा पालतू जीव लेना चाहिए,"
टोनी ने कहा।
"वो क्या हो सकता है?" उसके पापा ने कहा।
"पिल्ले (कुत्ते के बच्चे) छोटे होते हैं।" टोनी ने कहा।
"मैं भी ऐसा ही सोच रहा था," उसके पापा ने कहा।
"पिल्लै छोटे होते हैं। "



"क्या हम एक ला सकते हैं? "टोनी ने कहा।
"शायद आज दोपहर को एक बार देख़ने जा सकते हैं,"
उसके पापा ने कहा।
"आज सुबह कैसा रहेगा?" टोनी ने कहा।
"ये भी हो सकता है," उसके पापा ने कहा।
"अभी ही , कैसा रहेगा?" टोनी ने कहा।
"अभी भी अच्छा है," उसके पापा ने कहा।
और वो दोनों दरवाजे से बाहर चले गए।


OPEN
PETS SOLD AND BOARDED

अगर आप एक पालतू पशु रख सकते हों, तो वो क्या होगा?

"पापा ,"टोनी कहता है ,"मुझे एक पालतू पशु चाहिए। "लेकिन टोनी के सुझाव उपयुक्त pet के लिए बिलकुल वैसे नहीं हैं ,जैसा उसके पापा अपेक्षा कर रहे हैं। शायद एक हाथी ? (वो बाथटब से पानी पी सकता है) या फिर एक बीस फ़ीट लम्बा अजगर ? (वो सोफे पर.......और सारी कुर्सियों पर सो सकता है।) पापा और बेटा पूरी तरह सहमत नहीं हुए .... जब तक टोनी ये नहीं समझ गया की सही पालतू पशु क्या होना चाहिए।

जैक वॉक की खुशनुमा मजेदार कहानी और मेरिलिन हाफनर का अर्थपूर्ण चित्रण ,इस किताब में पापा और बेटे संवाद को बिलकुल उचित रूप से दिखता है।

